सं०सं०—2/पेन—177/2021—

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

शैलेश कुमार
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक /

विषय : डा० मो० जहीर, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चनपटिया, पश्चिम चम्पारण के अवकाश खाते में संचित 118 (एक सौ अठारह) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि वित्त विभागीय परिपत्र संख्या—8889(2)वि० दिनांक—24.12.1986, पत्रांक—1829(2)वि० दिनांक 07.04.2005 एवं महालेखाकार, बिहार पटना के पत्राक—LR : 031120211001067, LR No. : 0534/2021-2022 के आलोक में डा० मो० जहीर, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चनपटिया, पश्चिम चम्पारण को अवकाश खाते में संचित 118 (एक सौ अठारह) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति दी जाती है।

(2) डा० मो० जहीर की सेवानिवृत्ति की तिथि—30.09 2020 है।

(3) असैनिक शल्य चिकित्सक—सह—मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, प० चम्पारण, बेतिया के पत्राक—341 दिनांक—10 02.2023 द्वारा प्रेषित पत्र में दिनांक—27.01.2011 से 08.02.2012 तक की अवधि का वेतन भुगतान किया गया है (छाया प्रति संलग्न)।

(4) अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के सम्बन्ध में अपने स्तर से पूर्णतः संतुष्ट हो जाने के उपरान्त डा० मो० जहीर, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चनपटिया, पश्चिम चम्पारण के पक्ष मे 118 (एक सौ अठारह) दिनो के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान हेतु प्राधिकार पत्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी—सह—निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चनपटिया, पश्चिम चम्पारण के नाम से निर्गत करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक—यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/—
(शैलेश कुमार)

ज्ञापांक—2/पेन—177/2021— 1307(2) पटना, दिनांक 29/7/2025

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी, वित्त(वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/असैनिक शल्य चिकित्सक—सह—मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, प० चम्पारण/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चनपटिया, पश्चिम चम्पारण/कोषागार पदाधिकारी, प० चम्पारण, बेतिया/डा० मो० जहीर, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चनपटिया, पश्चिम चम्पारण पत्राचार का पता—स्टेशन रोड, नया बाजार, समिति, पो०—मोतिहारी, थाना—बंजारिया, जिला—पूर्वी चम्पारण, पिनकोड—845401/प्रशाखा पदाधिकारी—03, 09 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई० टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/7/25

सरकार के विशेष सचिव।

D>Sec 2>2024>PEN 2024